185

**दिनांक 08 अप्रैल 2017 दिन शनिवार को पूर्वाहन 11.30 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुई मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की परीक्षा समिति की पंचम बैठक की कार्यवृत्त :-**

विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की पंचम बैठक में निम्न द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | **प्रो0 ओंकार सिंह,** माननीय कुलपति<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर | अध्यक्ष |
| 02 | **प्रो0 के0 जी0 उपाध्याय,** अधिष्ठाता छात्र मामले<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सदस्य |
| 03 | **प्रो0 उदयशंकर,** अधिष्ठाता, परा-स्नातक अध्ययन, शोध एवं विकास<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सदस्य |
| 04 | **प्रो0 सुनील कुमार श्रीवास्तव,** अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन एवं उद्यमिता<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सदस्य |
| 05 | **डा0 अर्जुन दूबे, एसोसिएट प्रोफेसर,** प्रयुक्त विज्ञान विभाग<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सदस्य |
| 06 | **श्री एस0एन0 चौधरी, कुलसचिव,**<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 07 | **प्रो0 एस0 एम0 अली जावेद, प्रोफेसर,** परीक्षा नियंत्रक<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सचिव |

**बैठक में विश्वविद्यालय परीक्षा समिति के निम्न माननीय सदस्य पूर्व सूचना देते हुए अपरिहार्य कारणों से प्रतिभाग नहीं कर सके :-**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | **प्रो0 वी0के0 सिंह,** प्रति कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्रा0 विवि0 लखनऊ एवं प्रोफेसर गणित विभाग आई0ई0टी0 लखनऊ। | सदस्य |
| 02 | **प्रो0 ए0 के0 सक्सेना,** प्रोफेसर, विद्युत अभि0 विभाग<br>दयालबाग एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट, दयालबाग, आगरा। | सदस्य |

**बैठक की कार्यवृत्त :-**

**5.01 विश्वविद्यालय की दिनांक 18 अप्रैल, 2016 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की चतुर्थ बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा दिनांक दिनांक 18 अप्रैल, 2016 को सम्पन्न हुयी परीक्षा समिति की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गया।

**5.02 परीक्षा समिति की दिनांक 20 नवम्बर, 2015 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परीक्षा समिति दिनांक 18 अप्रैल,2016 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक में लिए गये निर्णयों के सन्दर्भ में कृत कार्यवाही से अवगत होते हुये मद संख्या 4.05 में विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न करायी गयी परीक्षा सत्र 2015-2016 आड सेमेस्टर के परीक्षाफल की सूचना एवं विश्लेषण न होने पर चिंता व्यक्त करते हुये कार्यवाही न किये जाने हेतु संबंधितों को चेतावनी देते हुये सत्र 2016-2017 के आड सेमेस्टर परीक्षाफल का विश्लेषण आगामी परीक्षा समिति में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया

**5.03 विश्वविद्यालय की परीक्षा की प्रगति आख्या।**

परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षिक सत्र 2016-2017 आड सेमेस्टर में अब तक सम्पन्न हुयी परीक्षाओं व अन्य वांछित गतिविधियों की प्रगति आख्या का अवलोकन किया गया तथा परीक्षाओं के सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने पर संतोष व्यक्त किया गया।

185

5.04 **विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराई गई परीक्षा सत्र 2016 - 2017 (आड सेमेस्टर) के परीक्षा फल की सूचना एवं विश्लेषण ।**

समिति द्वारा परीक्षाफल के विश्लेषण का अध्ययन किया गया । समिति ने काफी छात्रों को PRME से उत्तीर्ण होने पर चिता व्यक्त की। सम्यक विचारोपरान्त समिति ने यह निर्णय लिया कि परीक्षाफल विश्लेषण की प्रति सभी विभागाध्यक्षों को परीक्षा नियंत्रक द्वारा उपलब्ध कराते हुए उनसे अनुरोध किया जाए कि वे संबंधित शिक्षकों के साथ मिलकर इतने अधिक छात्रों को PRME (Promoted with Re-Major Examination) से उत्तीर्ण होने का विश्लेषण करें, तथा इनके निराकरण हेतु समुचित कार्यवाही जैसे Remedial Classes, Counselling आदि का प्रस्ताव संबंधित डीन के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक को समुचित प्रस्ताव संकलित कर प्रस्तुत करने हेतु एक माह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

समिति ने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षाफल विश्लेषण में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या के साथ-साथ उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत भी अंकित किया जाय।

5.05 **विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन कराई गई सत्र 2016-2017 (आड सेमेस्टर) परीक्षा में अनुचित साधन (UFM) के प्रयोग में पकड़े गये छात्रों के सम्बन्ध में विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा 2016 - 2017 की आड सेमेस्टर की परीक्षा में जिन छात्रों को अनुचित साधन प्रयोग में पकडा गया था उनके सम्बन्ध में यू0एफ0एम0 समिति द्वारा लिये गये निर्णयों का अवलोकन करते हयु निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

5.06 **Board of Studies की संस्तुति उपरान्त पेपर सेटर्स की नियुक्ति की सूचना।**

समिति द्वारा शैक्षिक सत्र 2016-2017 के सम्पूर्ण Board of Studies का अवलोकन करते हुये कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

5.07 **प्रश्न पत्रों के माडरेशन हेतु माडरेटरर्स की नियुक्ति की सूचना।**

समिति द्वारा शैक्षिक सत्र 2016-2017 के सम्पूर्ण प्रश्न पत्र के माडरेशन हेतु माडरेटरर्स की नियुक्ति का अवलोकन करते हुये कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

5.08 **दिनांक 08.04.2017 से 12.04.2017 के बीच में आयोजित पुराने पाठ्यक्रम की कैरीओवर की परीक्षा के सम्बन्ध में सूचना।**

समिति द्वारा पुराने पाठ्यक्रम की कैरीओवर की परीक्षा से अवगत होते हुये कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

5.09 **विश्वविद्यालय की सत्र 2016-2017 इवेन सेमेस्टर की थ्योरी परीक्षा दिनांक 18.04.2017 से 02.05.2017 के बीच में आयोजित किया गया, परीक्षा कार्यक्रम पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा सत्र 2016-2017 इवेन सेमेस्टर की लिखित परीक्षा कार्यक्रम का अवलोकन किया गया एवं परीक्षा कार्यक्रम पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं को शिक्षक दिनांक 02.05.2017 से 07.05.2017 तक आवश्य रूप से छात्रों को दिखाना सुनिश्चित करें, तथा परीक्षा नियंत्रक स्तर से इस विषयक प्रश्नवार तिथियों की संकलित सूचना वेवसाइट पर प्रसारित कर दी जाय।

5.10 **विश्वविद्यालय की सत्र 2016-2017 इवेन सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 03.05.2017 से 07.05.2017 के बीच में आयोजित होने वाली परीक्षा कार्यक्रम पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा सत्र 2016-2017 की प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

184

**5.11 AUC 001 डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संत्र 2015-2016 विद्या परिषद में लिए निर्णय के क्रियान्वयन पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा AUC 001 विषय के संदर्भ में डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संत्र 2015-2016 विद्या परिषद में लिए निर्णय के क्रियान्वयन पूर्ववती मदन मोहन मालवीय इंजी0 कालेज में पंजीकृत छात्रों पर करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**5.12 Minor Test को सत्र 2017-2018 से तीन Minor Test के स्थान पर दो Minor Test आयोजित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय में प्रभावी Ordinance के अन्तर्गत परिलक्षित शिक्षण-प्रशिक्षण सुधार में Continuous Evaluation Systems की महती भूमिका के दृष्टिगत होने को दृष्टिगत **तीन Minor Test के स्थान पर दो Minor Test** करने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया ।

**5.13 विश्वविद्यालय की परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन व्यय की पुनः पुनरीक्षित दरों को आगामी सत्र 2017-2018 में लागू करने पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिपेक्ष्य में परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन की दरों को संशोधित किए जाने के संबंध में माननीय कुलपति महोदय के स्तर से एक समिति के गठन की संस्तुति की गयी जो परीक्षा के शुल्क के पुपरीक्षण के दृष्टिगत परीक्षाओं के संचालन एवं मूल्यांकन दरों के संशोधन के संबंध में विचार करेगी, तथा अपनी रिपोर्ट परीक्षा नियत्रंक के माध्यम सेसमक्ष स्तर के अनुमोदनार्थ एक माह में प्रस्तुत करगी।

**5.14 विश्वविद्यालय के ''परीक्षाफल विश्लेषण समिति'' के गठन पर विचार एवं अनुमोदन**

समिति द्वारा परीक्षा फल के विश्लेषण का अध्ययन किया गया। आगामी सत्र में PRME (Promoted with Re-Major Examination) विषय की संख्या के आधार पर विश्लेषण किये जाने पर सहमति बनी। सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा परिणाम के विस्तृत विश्लेषण हेतु परीक्षा नियन्त्रक की संस्तुति पर माननीय कुलपति महोदय के स्तर से एक ''**परीक्षाफल विश्लेषण समिति**'' जो परीक्षा परिणामों के विभिन्न पहलुओं यथा उत्तीर्ण प्रतिशत, PRME आदि के कारणों एवं उनके निदान पर सुझाव प्रदान करेगी के गठन का अनुमोदन प्रदान किया गया :-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | अधिष्ठाता, परास्नातक अध्ययन, शोध एवं विकास | संयोजक |
| 02 | अधिष्ठाता स्नातक अध्ययन एवं उद्यमित | सदस्य |
| 03 | अपर परीक्षा नियत्रंक | सदस्य |
| 04 | माननीय कुलपति महोदय द्वारा नामित दो शिक्षक | दो सदस्य |

इस समिति से अपेक्षा की गई कि प्रत्येक सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त होने के पश्चात परीक्षाफल का विश्लेषण कर एक माह के अन्दर परीक्षा नियंत्रक को अपनी आख्या सतत रूप से प्रस्तुत करेगी।

183

5.15 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।

क - परीक्षा की गुणवक्ता को बढाने हेतु विचार :-

परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा की गुणवक्ता को बढाने हेतु यह निर्णय लिया गया कि सभी छात्र/छात्रों को सूचित किया जाय की वह कोई भी सामाग्री जैसे Programmable Calculator's Mobile Phones, Pagers or any other Communication devices shall entail. Students are item including mobile phones/pagers/Books आदि परीक्षा कक्ष में नही लावें। छात्रों के सामान आदि को रखने हेतु एक रूम का निर्धारित किया जाए जहां एक कर्मचारी टोकन के माध्यम से उनके सामान को जमा करें। छात्र का परीक्षा कक्ष में प्रवेश हेतु आई0डी0 कार्ड व हाल टिकट का दिखाना अनिवार्य होगा। सभी छात्रों का परीक्षा प्रारम्भ होने से 15 मिनट पहले अपनी सीट पर बैठ जाना होगा अन्यथा उन्हें परीक्षा में बैठने नही दिया जायेगा।

बैंठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुयी ।

(प्रो0 एस0 एम0 अली जावेद)
सदस्य सचिव, परीक्षा समिति एवं
परीक्षा नियन्त्रक, म0मो0मा0 प्रौ0वि0वि0 गोरखपुर

अनुमोदित

( प्रो0 ओंकार सिंह )
अध्यक्ष, परीक्षा समिति एवं
कुलपति, म0मो0मा0 प्रौ0वि0वि0 गोरखपुर